शहीदी पखवाड़ाः प्रदेश गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्कल एवं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने हुडको गुरुद्वारे में शहीदी पखवाड़ा का आयोजन किया। (इनसेट) रागी जत्था।

-27/12/06 दैनिक भास्कर-

शबद कीर्तन में गुरुनानक स्कूल दूसरी बार प्रथम

राज्य स्तरीय शबद कीर्तन प्रतियोगिता में गुरुनानक सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-6 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

भास्कर न्यूज. भिलाई

श्री गुरु सिंह सभा दुर्ग में आयोजित सीनियर और जूनियर वर्ग की स्पर्धा में पूरे राज्य के विभिन्न शहरों से आए छात्र-छात्राओं के समूह ने भाग लेकर सुमधुर शबद कीर्तन पेश किए। स्पर्धा में गुरुनानक सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर-6 के छात्र-छात्राओं के शबद कीर्तन ने स्थान बनाया।

समूह ने दूसरी बार सीनियर और जूनियर दोनों वर्गों में शमशेर सिंह के मार्गदर्शन में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा के निर्णायक संगीतकार अश्विनी कुमार वर्मा व अवतार सिंह थे।

स्पर्धा में भाग लेने वाले सीनियर वर्ग विजेता छात्रों में संदीप कौर, अमनदीप कौर, निर्मला शेट्ठी, जसप्रीत कौर, सतांशु मौर्या, सोहिंदर कौर, गुरप्रीत कौर, जूनियर वर्ग में सरबजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, जसप्रीत सिंह, गुरजीत सिंह, सरबजीत सिंह हैं। जूनियर वर्ग छात्राओं में राजप्रीत कौर, हरप्रीत कौर, परविंदर कौर, मनदीप कौर, हरप्रीत कौर, लवप्रीत कौर व मनप्रीत कौर शामिल हैं।

शाला समिति के अध्यक्ष तारासिंह, सचिव जीवी सिंह, कोषाध्यक्ष गुरमीत सिंह, निर्देशक टीआर सामंत व प्राचार्य डब्ल्यूयू खान ने बच्चों का स्वागत किया।

■ विजेता ट्राफी के साथ स्कूल स्टाफ एवं बच्चे।